ई-मित्र संचालकों को दिया प्रशिक्षण

सादुलपुर,(निसं)। पंचायत समिति राजगढ के सभागार में सूचना प्रोद्योगिकी और संचार विभाग ब्लॉक राजगढ के प्रोग्रामर तरुण कुमार उपाध्याय व स्थानीय सेवा प्रदाता के जिला/ब्लॉक समन्वयकों द्वारा ब्लॉक में संचालित ई-मित्र कियोस्कों को ई-मित्र पर संचालित विभागीय सेवाओं, विभाग द्वारा चालू की गयी नयी सेवाएँ व साइबर सिक्यूरिटी से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ई-मित्र कियोस्कों को विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क लेने हेतु, कियोस्क पर रेट लिस्ट, को-ब्रांडेड बैनर लगाने हेतु निर्देशित किया तथा साथ ही कियोस्क को अनुचित साधनों का इस्तेमाल करके फर्जी प्रमाण पत्र/दस्तावेज ना बनाने हेतु पाबंद किया।

प्रशिक्षण में सूचना प्रोद्योगिकी और संचार विभाग से प्रोग्रामर तरुण कुमार उपाध्याय, सहायक प्रोग्रामर नरेश कुमार, सूचना सहायक विकास कुमार और रोशन कुमार तथा स्थानीय सेवा प्रदाता समन्वयक सुभाष शर्मा, उमाशंकर, प्रमोद पूनिया व हेमंत कुमार आदि मोजूद रहे।

शादी के लिये लाये हुये 11 सिलेंडर ब्लास्ट हुए

ब्लास्ट के चलते ग्रामीणों में दहशत, सिलेंडर 500 से 700 फीट दूर जाकर गिरे

रतनगढ़, (निसं)। शादी की खुशियों में उस वक्त ग्रहण लग गया, जब घर में बने छप्परे में रखे सिलेंडरों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना के बाद एक के बाद एक करके 11 सिलेंडर ब्लास्ट हो गए। तेज धमाकों की आवाज के साथ ब्लास्ट हुए सिलेंडरों के चलते ग्रामीण दहशत में आ गए। सिलेंडर 500 से 700 फीट दूर जाकर गिरे।

सूचना पर मौके पर पहुंची रतनगढ़ नगरपालिका की दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना तहसील के गांव बीका की ढाणी की है। मामले के अनुसार बीका की ढाणी निवासी विद्याधर शर्मा के दो बेटे व एक बेटी की शादी चार व छह मार्च को है। घर में शादी की खुशियां मनाई जा रही थी तथा शादी में बनने वाली मिठाइयों व रसोई की तैयारियों के साथ-साथ बेटी को दहेज में दिए जाने वाले सामान की खरीदारी विद्याधर द्वारा कर ली गई थी। मजदूरी कर परिवार का लालन-पालन करने वाले विद्याधर शादी के काम से बाहर गया हुआ था तथा शादी में बनने वाली रसोई व बेटी को देने वाला सामान घर में बने एक छप्परे में रखा हुआ था। छप्परे में 11 भरे सिलेंडर भी रखे हुए थे। अज्ञात कारणों से छप्परे में आग लग गई। घटना के बाद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई तथा निजी साधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। इसी दौरान छप्पर में रखे सिलेंडर ने आग पकड़ ली और एक के बाद एक करके 11 सिलेंडर ब्लास्ट हो गए। तेज धमाकों की गूंज से ग्रामीणजन दहशत में आ गए। हालांकि घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन विद्याधर को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची रतनगढ़ नगरपालिका की दमकल ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

रतनगढ़ नगरपालिका की दमकल ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

- निजी साधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया

हथियार सहित युवक गिरफ्तार

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी पुलिस ने गुरुवार देर रात को वारदात करने की फिराक में घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक पिस्तौल भी बरामद की है।

थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत ने बताया कि जिला स्पेशल टीम को सूचना मिली कि निजामपुर मोड़ के पास एक युवक हथियार लेकर घूम रहा है तथा वह वारदात करने की फिराक में है। आरोपी को गिरफ्तार करने को लेकर एसपी प्रवीण नायक नूनावात ने विशेष टीम का गठन कर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। जब पुलिस की टीम निजामपुर मोड़ से खेतड़ी नगर जाने वाली सड़क पर पहुंची तो वहां हथियार लेकर घूम रहे युवक ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया।

इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास अवैध रूप से लाया गया पिस्टल मिला। आरोपी से अवैध हथियार के बारे में पूछताछ की तो वह संतुष्ट जवाब नहीं दे पाया, जिस पर पुलिस ने कुड़ी की ढाणी तन बांसियाल निवासी लोकेश उर्फ शुटर पुत्र सुल्तान सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

सार-समाचार

आज करेंगे मुख्यमंत्री का घेराव

खिरोड,(निसं)। क्षेत्र के किसान यमुना जल योजना के तहत पीने के पानी के साथ-साथ सिंचाई के लिए भी पानी लेने के लिए एवं सीमेंट कंपनियां के लिए प्रस्तावित रेल लाइन को निरस्त करवाने को लेकर राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का नवलगढ़ आगमन पर घेराव करेंगे एवं उन्हें ज्ञापन सौंपेंगे। जय किसान आंदोलन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश यादव ने बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री 2 मार्च को नवलगढ़ आगमन पर युमना जल महा संघर्ष समिति, प्रस्तावित रेल लाइन नवलगढ़ से श्री सीमेंट गोठड़ा के प्रभावित होने वाले किसान एवं श्री सीमेंट से प्रभावित किसान ने शुक्रवार को यह निर्णय लिया है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री का नवलगढ़ पहुंचने पर घेराव किया जाएगा।

डॉ.संदीप पचार का अभिनंदन किया

झुंझुनूं, (निसं)। शुक्रवार को पेंशनर समाज के पदाधिकारियों ने बीडीके जिला अस्पताल झुंझुनूं में नव नियुक्त पीएमओ डॉ. संदीप पचार का सम्मान व अभिनंदन कर पेंशनर समाज की पुस्तिका भी भेंट की तथा साथ ही बीडीके अस्पताल में हो रहे नवाचार व निर्माण कार्य के कारण पेंशनर्स को उपभोक्ता भंडार की दवा दुकानों पर दवा लेने में हो रही परेशानी व असुविधाओं से अवगत करवाया। पीएमओ डॉ. संदीप पचार ने शीघ्रता से इस समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया ।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की बैठक हुई

झुंझुनूं,(निसं)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पीएम नमो एप की बैठक शुक्रवार को शहर की चोपदारों की मस्जिद के पास एक निजी कॉम्प्लेक्स में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के पीएम नमो एप के जिला संयोजक शाहिद फारूकी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। ये जानकारी देते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नमो एप अभियान को जिलेभर में गति देने के लिए कार्यकर्ताओं से विस्तार रूप से चर्चा की गई।

धरना-प्रदर्शन जारी

चिड़ावा, (निसं)। क्षेत्र में यमुना जल को लेकर चल रहे धरने प्रदर्शन जारी है लालचौक बस स्टैंड पर पानी की मांग को लेकर 60वें दिन भी धरना जारी रहा। अध्यक्षता बनवारी झाबर ने की। अपने संबोधन में लीलाधर सांतडिया ने कहा कि 1994 को हुए समझौते के अनुसार पानी लेकर रहेंगे, इसके लिए कितनी भी लंबी लड़ाई लडऩी पड़े। धरने को किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष बजरंग बराला, तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, विजेंद्र शास्त्री ने भी संबोधित किया। इस मौके पर महेश, धर्मपाल, रणवीर, सुमेर, रणधीर, बनवारीलाल, सतपाल, शुभराम, सतवीर, राजवीर, शीशराम, प्रभुराम, जगराम, कपिल, सौरभ, करण, जयसिंह, महेंद्र सहित अन्य मौजूद रहे।

पेडों की कटाई के लिए दिया ज्ञापन

चूरू, (कासं.)। जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को राजस्थान मेघवाल समाज के जिलाध्यक्ष आशाराम मेघवाल के प्रतिनिधित्व में आयुक्त को ज्ञापन देकर डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के समीप पेडों की छंगाई व कटाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि इस अव्यवस्था के कारण शहर की छवि धूमिल हो रही है। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में पूर्णामल, सुनिल मेघवाल, याकूब, भंवरलाल, जगदीश प्रसाद आदि मौजूद रहें।

कार्यकारिणी का गठन हुआ

झुंझुन,(निसं)। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद मिनाक्षी नटराजन व राजस्थान की प्रभारी रिना वाल्मिकी व संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सीबी यादव के निर्देशानुसार में रणजीत सिंह चंदेलिया संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष व सीकर संभाग प्रभारी होने के नाते झुंझुनूं जिले की कार्यकारिणी व ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की है।

खेलकूद प्रतियोगिता चार मार्च से

झुंझुनूं,(निसं)। राज्य सरकार की 100 दिवस योजना के तहत झुंझुनूं जिला नोडल महाविद्यालय श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय झुंझुनूं के द्वारा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 4 मार्च से 7 मार्च तक करवाया जाएगा। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जिले की समस्त राजकीय महाविद्यालय भाग लेंगे।

एपीओ मामले में दिया ज्ञापन

झुंझुनूं,(निसं)। झुंझुनूं में राजस्थान अम्बेडकर शिक्षक संघ व अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार विरोधी जिला संघर्ष समिति की ओर से जिला कलक्टर के मार्फत मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर बारां में शिक्षिका हेमलता बैरवा को निलंबित व शिक्षक हेमराज को एपीओ करने का विरोध जताते हुए बहाल करने की मांग की है।

झाझड़ के पास मिला बसावा के युवक का शव

नवलगढ़,(निसं)। झाझड़ गांव के पास नवलगढ़ की तरफ गोगाजी मंदिर के पास गुरुवार रात को गश्त पर निकली पुलिस टीम को सड़क किनारे एक युवक अचेत अवस्था में पड़ा मिला। पास ही युवक की बाइक खड़ी हुई थी। पुलिस टीम ने युवक को नवलगढ़ जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

युवक की पहचान आकाश कल्याण (30) पुत्र गणेशराम कल्याण निवासी बसावा पुलिस थाना गोठड़ा के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने सुबह करीब 5 बजे मृतक के चाचा मूलचंद को सूचना दी। सूचना मिलने पर मृतक का चाचा मूलचंद, बसावा के पूर्व सरपंच मनेश सहित अन्य ठामीण अस्पताल पहुंचे और मृतक आकाश कल्याण की पहचान की। मूलचंद व मुनेश कुमार ने मृतक के पिता को फोन पर सूचना दी। क्योंकि मृतक का पिता गणेशराम गुरूठाम में तेल टैंकर पर ड्राइवर की नौकरी करता है। मृतक का पिता दोपहर 1 बजे बाद अस्पताल पहुंचा। इस दौरान बसावा व आसपास के काफी ठामीण अस्पताल में एकत्रित हो गए। यह लोग आकाश की हत्या की आशंका जताते हुए दोषियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने व मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर अस्पताल परिसर में ही धरने पर बैठ गए। मृतक के परिजनों ने कहा कि आकाश के गले व हाथों पर नीले निशान बने हुए हैं। इसलिए लगता है कि आकाश के हाथ बांधकर व गला दबाकर हत्या की गई है।

आश्वासन व समझाईश के बाद धरना समाप्त कर लिया मृतक का शव नवलगढ़ विधायक विक्रमसिंह जाखल दो दिन से मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों को लेकर व्यस्त थे। दोपहर बाद जैसे ही विधायक को मृतक की सूचना मिली तो जिला अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में मृतक के परिजनों से बातचीत कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई व परिजनों को अधिक से अधिक सरकारी सहायता तथा मृतक की पत्नी को योग्यतानुसार रोजगार दिलवाने का भरोसा दिया। इसके बाद परिजन शव लेने के लिए राजी हो गए और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक का अंतिम संस्कार शनिवार को उसका भाई हैदराबाद से आने के बाद होगा। घटना स्थल से पुलिस व एफएसएल की टीम ने साक्ष्य जुटाए।

- सूचना मिलने पर विधायक विक्रमसिंह जाखल पहुंचे अस्पताल, समझाईश के बाद मृतक के परिजन शव लेने को हुए राजी

रूपये दोगुना करने वाले आरोपी को दो साल की सजा

सादुलपुर, (निसं)। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने चार साल रुपए दोगुना करने के 11 वर्ष पुराने तीन अलग-अलग मामलों में एक आरोपी को दो साल साधारण कारावास तथा पांच हजार रुपए जुर्माना राशि की सजा से दंडित किया है। प्रकरण अनुसार आरोपी प्रमोद कुमार तथा सादुलपुर के वार्ड 34 निवासी दिनेश कुमार ने एक कंपनी रॉयल टच मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड सादुलपुर में खोली। जिसमें उन्होंने परिवादी गणों को बताया कि उनकी कंपनी में पशुपालन प्लान में रकम लगाने पर चार साल में निश्चित रूप से दोगुनी राशि दी जाएगी। जिस पर परिवादी गणों ने विश्वास करके अलग-अलग रुपए जमा करवा दिए। तथा परिवादी गणों को कंपनी ब्रोशर व पोस्ट डेटेड चेक दिए गए जो बैंक खातों के बंद होने से अनादरित होकर प्राप्त हुए। जिस पर उक्त आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना राजगढ में परिवादी राजबाला, महेंद्रसिंह, कृष्ण कुमार ने रिपोर्ट पेश की तथा बाद अनुसंधान आरोपी प्रमोद कुमार तथा दिनेश कुमार के विरुद्ध पुलिस ने जांच कर आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। जिसमें आरोपी प्रमोद कुमार फरार है। मामले में विद्वान न्यायाधीश लीलू राम सिहाग ने मामले में गहन अवलोकन कर आरोपियों को दोषी माना तथा सादुलपुर निवासी आरोपी दिनेश कुमार को दो साल के साधारण कारावास तथा पांच हजार रुपए जुर्माना राशि की सजा से दंडित किया है।

न्याय मित्र गुप्ता ने नगर पालिका मंडावा का किया निरीक्षण

मंडावा, (निसं)। माननीय स्थाई एवं अनवरत लोक अदालत जिला झुंझुनूं द्वारा नगर परिषद झुंझुनूं और नगर पालिका नवलगढ़ तथा मंडावा के लिए नियुक्त किए गए न्याय मित्र केके गुप्ता द्वारा निकाय क्षेत्र मंडावा का सघन निरीक्षण किया गया और स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों और कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए।

वहीं न्याय मित्र गुप्ता द्वारा निरीक्षण के संबंध में पूर्व में ही निकाय के संबंधित अधिकारियों और स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े हुए कार्मिकों को सूचित किया गया था। इसके बावजूद भी निरीक्षण के दौरान ईओ सीताराम अनुपस्थित रहे। जिसे न्याय मित्र गुप्ता ने बड़ी गंभीरता से लिया है और इसे स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों में घोर लापरवाही माना है। निरीक्षण में श्री नरेश काला उप अभियंता उपस्थित रहे। न्याय मित्र गुप्ता द्वारा देश भर के निकायों के राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत निकाय क्षेत्र मंडावा में स्वच्छ भारत मिशन कार्यों का निरीक्षण किया गया। पालिका क्षेत्र में पूर्व में किए गए निरीक्षण के दौरान यह पाया गया था कि जगह-जगह गंदा पानी भरा हुआ था। जिसे तुरंत ही साफ करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन आज के निरीक्षण के दौरान भी वहीं स्थिति पाई गई और जगह-जगह गंदा पानी का ठहराव हो चुका है। जिस कारण से वहां मक्खी मच्छर और कीटाणु पैदा हो रहे हैं। जिसके कारण लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की पूरी संभावना है। नगर के वार्ड संख्या 14 और 15 में जो कि निकाय मंडावा का प्रवेश क्षेत्र है। वहां पर भी कचरा और गंदगी पाई गई। हेरिटेज पॉइंट विशेष अभियान चलाकर यहां पर नाली निर्माण की आवश्यकता है। नगर के सुभाष चौक के पास में ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है और वहां पर लारी ठेले आदि खड़े रहते हैं। जिन्हें तत्काल दूसरी जगह पर शिफ्ट करने की आवश्यकता है। इस संबंध में भी आवश्यक निर्देश देते हुए अतिक्रमण निरोधक दस्ते को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए। नगर में बनी हुई ऐतिहासिक पुरानी हवेलियां जर्जर होती जा रही है। जो कभी भी गिरने की स्थिति में आ रही है। ऐसी हवेलियों को प्राथमिकता के आधार पर नोटिस दिए जाने के बाद भी इनके मालिकों द्वारा उचित मरम्मत का कार्य नहीं कराया जा रहा है तो नगर पालिका अपने स्तर पर उनकी मरम्मत के कार्रवाई शुरू करें अथवा हवेली मालिकों पर नियम अनुसार जुर्माना लगाने की कार्यवाही करें।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यों का निरीक्षण किया गया ।

पेड़ से टकराई कार

सादुलपुर,(निसं)। सिधमुख थाना अंतर्गत नीलगाय को बचाने के चक्कर में संतुलन बिगड़ने से पलटी कार में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो व्यक्ति घायल हो गए। इस संबन्ध में गुरूवार को मामला दर्ज करवाया गया है। सिद्धमुख थाना अधिकारी रामकरण सिद्धू ने बताया कि रामनिवास जाट निवासी रेजडी ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 28 फरवरी को करीब रात्रि 9 बजे उसका चचेरा भाई सोमवीर गांव बुंगी में एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए गया हुआ था तथा वापसी करीब 3 बजे लगभग अचानक से सिद्धमुख-भीमसाना के बीच उनकी कार के सामने एक नील गाय आ गई।

शिक्षा मंत्री ने माजीपुरा विद्यालय में सरस्वती प्रतिमा का किया अनावरण

सीकर, (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर शुक्रवार को सीकर दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने धोद के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय माजीपुरा में सरस्वती प्रतिमा अनावरण किया तथा विश्व भारती कॉलेज सीकर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ किया।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने जिले की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय माजीपुरा में सरस्वती प्रतिमा के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार का समावेशन बहुत जरूरी है। इस दौरान उन्होंने विद्यालय विकास में अपनी तनख्वाह से पूर्ण सहयोग देने वाली अध्यापिका अंकिता चौधरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि हम सबको अपनी कमाई का कुछ अंश परोपकार के कार्यों में खर्च करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे अच्छे संस्कारों, आदर्श और कार्यकलापों से बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा होने चाहिए तथा हमें अपने आप को आदर्श के रूप में पेश करना चाहिए हम शिक्षक होने की सार्थकता को सिद्ध कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोई भी अध्यापक विद्यालय समय के दौरान धार्मिक कार्यों का बहाना बनाकर स्कूल नहीं छोड़ सकेगा, ऐसा करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध निलंबन या बर्खास्त करने तक की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में गलत कार्य करने वाले शिक्षकों की अवैध संपत्ति और मकानों पर बुलडोजर चलाया जाएगा।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर शुक्रवार को सीकर दौरे पर रहे।

देवेंद्र झाझडिया का भव्य स्वागत

सादुलपुर, (निसं)। खेल की दुनिया में भारत का विश्व पटल पर नाम रोशन करने वाले पदमश्री, पद्म भूषण एवं मेजर ध्यानचंद खेल रत्न प्राप्त खिलाडी देवेंद्र झाझडिया के अपने खेल जगत की शुरुआत के साथ ही दूसरी पारी का नामांकन दाखिल करने के बाद पहली बार गुरूवार को सादुलपुर पधारने पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के निवास स्थान पर उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर देवेंद्र झाझडिया का चरण सिंह पूनिया, मानसिंह राठौड, विमल पूनिया, प्रदीप गोदारा, कृष्णा भाकर, महेंद्र नेहरा, प्रताप पूनिया, शेर सिंह आदि ने स्वागत करते हुए उनका शॉल औढाकर एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया एवं उन्हें उनकी दूसरी पारी पैरालंपिक कमेंटी आफ इंडिया के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने की अग्रिम बधाइयां दी।

पुलिस थाने के भ्रमण में छात्राओं को दी जानकारी

सादुलपुर, (निसं)। राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजगढ की व्यावसायिक शिक्षान्तर्गत ट्रेड निजी सुरक्षा से संबंधित छात्राओं को जेल एवं पुलिस थाना राजगढ में गुरूवार को तृतीय औद्योगिक भ्रमण करवाया गया। प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा ने भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इससे पहले उन्होंने कहा कि वर्तमान में व्यावसायिक शिक्षा रोजगार परक शिक्षा है। भ्रमण के दौरान सीखे गए ज्ञान को छात्राएं अपने व्यवहारिक जीवन में उतारें। उन्होंने कहा कि भ्रमण से सीखा गया ज्ञान हमेशा स्थायी होता है। छात्राओं को पुलिस थाना, जेल और आईआईसीई कंप्यूटर एजुकेशन सादुलपुर का भ्रमण करवाया गया। एएसआई प्रदीप मीणा ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली व विभिन्न प्रकोष्ठों के बारे में जानकारी प्रदान की। उप कारागार में जेलर ओमप्रकाश ने जेल प्रबंधन के कार्यों और कैदियों के साथ बर्ताव, रहन-सहन के बारे में जानकारी प्रदान की। आईआईसीई कम्प्यूटर सेंटर पर धर्मपाल वर्मा ने साइबर सुरक्षा संबंधित जानकारी प्रदान की।

व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी कांता, व्यावसायिक प्रशिक्षक मुकेश एवं विमला ने आभार व्यक्त किया।

- पुलिस थाना राजगढ में कानून व साईबर व अपराधों के बारे में छात्राओं ने ली जानकारी

हड्डी रोग स्पेशलिस्ट की नियमित सेवाएं शुरू

झुंझुनूं,(निसं)। सीकेआरडी अस्पताल में नियमित हड्डी एवं जोड़ रोग स्पेशलिस्ट की सेवाएं प्रारंभ हो चुकी है। अब जयपुर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। क्योंकि जयपुर के सुप्रसिद्ध डॉ. दुष्यंत सोनी, जो कि ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, स्पोर्ट्स इंजरी, ट्रोमा एवं हैंड सर्जरी के विसेसग्य है। डॉ. दुष्यंत के आगमन पर अस्पताल में 3 मार्च रविवार को सुबह 10 बजे से हड्डी एवं जोड़ रोगियों के लिए निशुल्क कैंप रखा गया है। जिसमें मरीजों के जोड़ों की जांच व ईलाज भी निशुल्क योजनाओं के अंतर्गत किया जाएगा।

अस्पताल में पहले से कैंसर सेंटर सुचारु रूप से चल रहा है। अब सीकेआरडी अस्पताल ट्रोमा जोड़ रोग में भी शेखावाटी में सेवा देने वाला अस्पताल बनने जा रहा है। अस्पताल 100 बैडेड एनएबीएच मान्यता प्राप्त है और मरीजों को चिरंजीवी, आरजीएचएस, ईसीएचएस, ईएसआईसी में निशुल्क ईलाज प्रदान किया जाता है।

एस.के.फाइनेंस लिमिटेड
(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालय: पी 1-2, भू मार्केट, खाना कोठी चर्चित, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039
ई-मेल: info@skfin.in

शाखा कार्यालय स्थानान्तरण करने हेतु सार्वजनिक सूचना

सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी **रतनगढ़ शाखा** को नये पते पर स्थानान्तरित कर रहे हैं:-
पुराना पता- ग्राउंड फ्लोर, महेश आइस फैक्ट्री के पास, वार्ड नं. 3, मोहल्ला लिंक रोड, बालाजी नगर, रतनगढ़, जिला-चुरू-331022 (राजस्थान)
नया पता - पहली मंजिल, वार्ड नं. 3, महेश आइस फैक्ट्री के पास, लिंक रोड, रतनगढ़, जिला चुरू-331022 (राजस्थान)
अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारे नये पते पर संपर्क करें ।

हेतुक दर्शित करने के लिए सर्वसाधारण की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय जिला न्यायाधीश चूरू (राज.)
श्रीमति मीरा आदि बनाम राजस्थान सरकार आदि
अपील संख्या 10/2023
दावा बाबत सिविल मृत्यु घोषणा करवाये जाने
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अपीलांटगण (1) श्रीमति मीरा पुत्री नेमीचंद प्रजापत पत्नी श्री ओमप्रकाश प्रजापत निवासी बूंटीया तहसील व जिला चूरू (राज.) (2) बिल्लू कुमारी उर्फ संजू देवी पुत्री श्री नेमीचंद प्रजापत पत्नी श्री विनोद कुमार प्रजापत निवासी रामदेवरा तहसील व जिला चूरू (राज.) द्वारा अपील संख्या 10/2023 अनुवानी श्रीमति मीरा बनाम राजस्थान सरकार आदि वास्ते घोषणा सिविल मृत्यु अपने पिता नेमीचंद पुत्र नागरमल प्रजापत निवासी कड़वासर तहसील व जिला चूरू की कराये जाने की पेश की है अगर किसी आम या खास को आपति हो तो आगामी पेशी दिनांक 16.03.2024 को समय 10.30 ए.एम. बजे न्यायालय मे असालतन या वकालतन आपति पेश कर सकते है, किसी प्रकार की कोई आपति नही आने की सुरत में प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा। उक्त नोटिस आज दिनांक 28.02.2004 मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया
आज्ञा से : न्यायालय जिला न्यायाधीश
जिला एवं सेशन न्यायालय, चूरू (राज.)

कलेक्टरों को गर्मियों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

जयपुर, (का.सं.)। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के निर्देशों की अनुपालना में सभी जिलों के कलक्टर को गर्मियों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किये गए हैं। शुक्रवार को शासन सचिवालय में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में अभियंताओं के साथ समर कंटीन्जेसी संबंधी कार्यों पर चर्चा की गई।

शासन सचिव डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में समर कंटीन्जेसी कार्यों के लिए वित्त विभाग से आवश्यक स्वीकृत सहमति प्राप्त करने हेतु विभाग के वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य अभियंता की मौजूदगी में चर्चा की गई।

बैठक में डॉ शर्मा ने सभी जिला कलेक्टर को ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल से संबंधित कार्यों के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए। साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को ग्रीष्म ऋतु के दौरान पूर्ण तत्परता से कार्य करने एवं जनता से संवाद बनाए रखने हेतु निर्देश प्रदान किए। बैठक में संयुक्त शासन सचिव शंकरलाल सैनी, मुख्य अभियंता ग्रामीण के.डी. गुप्ता, मुख्य अभियंता शहर राकेश लुहाड़िया, वित्तीय सलाहकार सुभाष दानोदिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

- शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने ली जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक

सफाई कर्मचारी के 24,797 पदों पर होगी भर्ती

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य सरकार के 186 नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारी के 24 हजार 797 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। स्वायत्त शासन विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी विज्ञिप्त के अनुसार इन पदों के लिए आवेदन 4 मार्च से प्रारम्भ होंगे। उल्लेखनीय है कि लेखानुदान (बजट) 2024-25 में राज्य सरकार ने 70 हजार सरकारी नौकरियों पर भर्ती की घोषणा की थी। बजट में प्रत्येक संभाग में रोजगार मेलों और उच्च शिक्षण संस्थानों में कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन करने जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गई हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

पाटन , (निसं)। कस्बे में स्थित जमुना देवी पांडेय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगल विदाई के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह आयोजित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव कुमार चौधरी ने की तथा मुख्य अतिथि पाटन सरपंच मनोज चौधरी रहे।

निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं : कस्वां

चूरू, (कासं)। सांसद राहुल कस्वां ने कहा है कि विभिन्न विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करें ताकि प्रत्येक विकास कार्य भविष्य की परियोजनाओं के लिए बेहतर बुनियाद साबित हो। उन्होंने कहा कि समुचित प्लानिंग के बिना किए गए कार्य भविष्य में अनावश्यक परेशानियों के कारण बन जाते हैं। सांसद राहुल कस्वां शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में डिस्ट्रिक्ट डवलपमेंट कॉर्डिनेशन मॉनीटरिंग कमेटी 'दिशा' की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने दिशा में शामिल विभिन्न विभागों की योजनाओं, परियोजनाओं पर व्यापक समीक्षा की।

ए.एन.एम. भर्ती की अंतिम चयन सूची पर अंतरिम रोक

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अर्जेन्ट टेम्परेरी बेसिस के आधार पर हो रही एएनएम भर्ती- 2023 में जयपुर जिले के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देने को चुनौती देने के मामले में भर्ती की अंतिम चयन सूची व नियुक्ति आदेश जारी करने पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने चिकित्सा सचिव, चिकित्सा निदेशक व सीएमएचओ जयपुर से 22 मार्च तक जवाब मांगा है। जस्टिस गणेश राम मीणा ने यह आदेश अलवर निवासी संयोगिता यादव की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता सोगत रॉय ने बताया कि राज्य सरकार ने 11 अगस्त 2023 को भर्ती विज्ञापन जारी कर यूटीबी के आधार पर एएनएम की नियुक्ति के लिए भर्ती निकाली। इसमें जयपुर जिले के अभ्यर्थियों को ही प्राथमिकता देने के लिए कहा। ऐसे में याचिकाकर्ता के जयपुर से बाहर अलवर जिले का निवासी होने के चलते उसे दस्तावेज सत्यापन के लिए नहीं बुलाया गया। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि वह मेरिट में आ रही है, लेकिन जयपुर से बाहर का होने के कारण उसे नहीं बुलाया है। जबकि मेडिकल एंड हैल्थ अधीनस्थ सेवा नियम 1965 के तहत मेरिट के आधार पर ही नियुक्ति होनी चाहिए और इसे नकारा नहीं जा सकता। इसलिए याचिकाकर्ता के दस्तावेज सत्यापन का निर्देश देते हुए उसे नियुक्ति दी जाए। अदालत ने मामले में सुनवाई करते हुए अंतिम चयन सूची व नियुक्ति आदेश पर रोक